DATE
PAGE

# डिग्री कॉलेज के एनएसएस स्वयंसेवियों ने कॉलेज परिसर और नाहल गांव में चलाया सफाई अभियान

आवाज जनादेश कुमारसैन



राजकीय डिग्री कॉलेज कुमारसैन में शनिवार को स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत एनएसएस स्वयंसेवियों ने स्वच्छता अभियान चलाया। अभियान के अंतर्गत स्वयंसेवियों द्वारा कालेज परिसर और साथ लगते गोद लिए नाहल गांव में साफ सफाई की गई। एनएसएस स्वयंसेवियों द्वारा महात्मा गांधी की जयंती के उपलक्ष पर श्रमदान कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय के रास्तों की मरम्मत की गई। व कालेज परिसर और रास्ते में उगी झाड़ियां को काटा गया। अंत में कालेज के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ के सी कश्यप ने स्वयंसेवियों के कार्य की सराहना एवं उनका उत्साहवर्धन किया। कालेज एनएसएस स्वयंसेवियों को एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो आशीष कुमार चौहान ने स्वच्छता शपथ दिलवाई। स्वच्छता अभियान में कालेज के डॉ भूषण आजाद और प्रो डिंपल ठाकुर ने भी सहयोग किया।

01.10.2023

# एनएसएस स्वयंसेवियों ने छेड़ा सफाई अभियान

कुमारसैन : राजकीय महाविद्यालय कुमारसैन में शनिवार को एनएसएस स्वयंसेवियों ने स्वच्छता अभियान चलाया। स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय परिसर एवं महाविद्यालय के साथ लगते गोद लिए नाहल गांव में स्वच्छता अभियान चलाया और सफाई की। एनएसएस स्वयंसेवियों ने महात्मा गांधी की जयंती के उपलक्ष्य पर श्रमदान कर महाविद्यालय के रास्तों की मरम्मत की। स्वयंसेवियों को कार्यक्रम अधिकारी प्रो. आशीष कुमार चौहान ने स्वच्छता शपथ दिलाई।

DATE 30.09.2023
PAGE 165

राजकीय महाविद्यालय कुमारसैन में 'स्वच्छता ही सेवा कैम्पेन' के अन्तर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय परिसर एवं महाविद्यालय के साथ लगते गांव नाहल को गोद लिया, एवं वहां पर सफाई अभियान चलाया गया।

एनएसएस स्वयंसेवियों द्वारा महात्मा गांधी की जयंती के उपलक्ष्य पर 'श्रमदान' कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय के रास्तों की मरम्मत करवाई गई, एवं झाड़ियों को भी काटा गया। अंत में एनएसएस स्वयंसेवियों को कार्यक्रम अधिकारी प्रो० आशीष कुमार चौहान के द्वारा स्वच्छता शपथ दिलवाई गई। अंत में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ० के० सी० कश्यप द्वारा स्वयंसेवियों के कार्य की सराहना एवं उनको प्रोत्साहित भी किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ० भूषण आज़ाद एवं प्रो० डिम्पल ठाकुर द्वारा 'श्रमदान' में भरपूर योगदान दिया।

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय कुमारसैन

10-08-2023

# मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत कुमारसैन कॉलेज में लगाए 75 पौधे



आवाज जनादेश कुमारसैन

---

राजकीय डिग्री कॉलेज कुमारसैन में 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। यह अभियान एनएसएस और इको क्लब के स्वयंसेवियों द्वारा संयुक्त तत्वाधान में किया गया। इस कार्यक्रम के तहत 75 विभिन्न स्वदेशी रीठा,कचनार, देवदार,खुमानी किस्मों के पौधों का रोपण किया गया । इस कार्यक्रम का संचालन कालेज एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो० आशीष चौहान एवं इको क्लब की संचालक प्रो. डिम्पल ठाकुर के नेतृत्व में किया गया। यह वृक्षारोपण कालेज के साथ लगते क्षेत्र में किया गया। कालेज के प्रिंसिपल डा. के.सी. कश्यप द्वारा अभियान की शुरूआत प्रथम वृक्ष लगाकर की गई। एवं छात्रों से यह आहवान किया गया कि वह न सिर्फ इन वृक्षों का रोपण करें, बल्कि इनकी देखभाल का दायित्व भी अपने कंधों पर लें, और पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें। इस कार्यक्रम में राजकीय डिग्री कॉलेज कुमारसैन के अध्यापक डा. भूषण आजाद भी उपस्थित रहे।

---

महाविद्यालय कुमारसैन में बुधवार को 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम के अंतर्गत पौधारोपण किया गया। इसमें एनएसएस और इको क्लब के स्वयंसेवियों ने हिस्सा लिया।

महाविद्यालय के साथ लगते क्षेत्र में चुल्ली, रीठा, देवदार और कचनार के 75 पौधे रोपे गए। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस कार्यक्रम

और

इको क्लब का संचालक प्रो. डिंपल ठाकुर के नेतृत्व में किया गया। प्राचार्य डा. केसी कश्यप ने देवदार का पौधा लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वह न सिर्फ इन पौधों का रोपण करें, बल्कि इनकी देखभाल भी करते रहें। इस मौके पर प्राध्यापक डा. भूषण आजाद भी उपस्थित रहे।

राजकीय महाविद्यालय कुमारसैन में 09-08-2023 को 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम के अंतर्गत वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। यह अभियान NSS और Eco Club के स्वयंसेवियों द्वारा संयुक्त तत्वाधान में किया गया। इस कार्यक्रम के तहत 75 विभिन्न स्वदेशी किस्मों के पौधों का रोपण किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन NSS कार्यक्रम अधिकारी प्रो० आशीष चौहान एवं Eco Club की संयोजिका प्रो० डिम्पल ठाकुर के नेतृत्व में किया गया। वृक्षारोपण महाविद्यालय एवं नए महाविद्यालय के साथ लगते क्षेत्र में किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डा० के० सी० कश्यप द्वारा अभियान की शुरुआत स्वयं प्रथम वृक्ष लगाकर की एवं छात्रों से यह आवाहन किया गया कि वह न सिर्फ इन वृक्षों का रोपण करें, बल्कि इनकी देखभाल का दायित्व भी अपने कंधों पर लें, और पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के अध्यापक डा० भूषण आज़ाद भी उपस्थित रहे।

(हस्ताक्षर)

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय कुमारसैन

# एनएसएस स्वयंसेवियों ने कुमारसैन के एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

आवाज जनादेश कुमारसैन

सोमवार को राजकीय महाविद्यालय कुमारसैन में एनएसएस शिविर के छठे दिन स्वयंसेवियों द्वारा कॉलेज के साथ लगती सड़क से कूड़ा कचरा एकत्रित किया गया। छठे दिन होमगार्ड कुमारसैन कंपनी के कंपनी कमांडर रोहिन पमराल ने बतौर रिसोर्स पर्सन शिरकत की इस दौरान उनके साथ अग्नि शमन चौकी से हेमंत पराशर और संजोग कुमार भी मौजूद रहे। होमगार्ड कंपनी कमांडर रोहिन पमराल द्वारा विभिन्न प्रकार प्रकार की आपदाओं के बारे में बताया गया। दुर्घटना के समय कैसे एक व्यक्ति सीपीआर दे सकता है के बारे में विद्यार्थियों को सिखाया। किसी दुर्घटना के समय किसी व्यक्ति को अस्पताल ले जाने से पूर्व कैसे फर्स्ट एड दें और उन्हें पट्टियों के प्रकार भी बताए। इसके पश्चात हेमंत पराशर (अग्निशमन विभाग) ने बताया कि सिलेंडर की गैस का रिसाव होने पर हमें क्या-क्या सावधानियां बरतनी चाहिए, इसके बारे में भी एनएसएस स्वयंसेवियों को जानकारी दी गई। हेमंत पराशर ने आग लगने पर कैसे अग्निशामक यंत्र का प्रयोग करना है, इसके बारे में भी



विद्यार्थियों को व्यावहारिक तौर पर जानकारी दी गई। दोपहर पश्चात एनएसएस स्वयंसेवियों ने रैली निकालकर कुमारसैन के लोगों को कूड़े की समस्या से जागरूक करवाया और इस समस्या के उचित समाधान के लिए कुमारसैन के एसडीएम कृष्ण कुमार शर्मा को ज्ञापन भी सौंपकर कुमारसैन को स्वच्छ बनाए रखने के लिए उचित कदम उठाने का आग्रह किया।

राजकीय महाविद्यालय कुमारसैन में एनएसएस शिविर के छठे दिन स्वयंसेवियों द्वारा कॉलेज के साथ लगती सड़क से कूड़ा-कचरा इकट्ठा किया गया। छठे दिन बीज वक्ता (Resource Person) श्री रोहित पमराल कंपनी कमांडर (होम गार्ड) रहे, इनके साथ हेमंत पराशर (अग्निशमन विभाग), संजीव कुमार (होम गार्ड) भी मौजूद रहे। रोहित पमराल के द्वारा विभिन्न आपदाओं के बारे में बताया गया। इन्होंने दुर्घटना के समय कैसे एक व्यक्ति CPR दे सकता है, दुर्घटना के समय यदि किसी के हाथ-पैर टूट जाएं, तो उसे अस्पताल जाने से पूर्व एक साधारण व्यक्ति भी कैसे पट्टी कर सकता है, यह सब मॉक ड्रिल के माध्यम से स्वयंसेवियों को सिखाया गया। हेमंत पराशर (अग्निशमन विभाग) ने बताया कि सिलेण्डर की गैस का रिसाव होने पर हमें क्या-क्या सावधानियां बरतनी चाहिए।

दोपहर पश्चात एनएसएस स्वयंसेवियों द्वारा रैली निकालकर कुमारसैन के लोगों को कूड़े की समस्या से जागरूक करवाया और इस समस्या के उचित समाधान के लिए उपमंडलाधिकारी कुमारसैन (SDM) को ज्ञापन भी सौंपा गया।

[signature]

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय कुमारसैन